Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006

Participants : Chavda Shri Harisinh

an>

Title: Need to construct flyovers on National Highway crossing in Palanpur City of Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा):महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के मुख्यालय पालनपुर शहर से होकर राट्रीय राजमार्ग निकलता है। पालनपुर के इन राट्रीय राजमार्ग के चौराहों पर अत्यंत भीड़ होती है और आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिसमें कई जानें चली जाती हैं। इन राट्रीय राजमार्गों के जो चौराहे हैं उन्हीं पर यह दुर्घटनाएं होती हैं। यह चौराहे अत्यंत आबादी वाले भी हैं। इसके लिए डिशा पालनपुर के राजमार्ग एवं अहमदाबाद पालनपुर राजमार्ग पर, पालनपुर से बालाराम, पालनपुर से अम्बा जी राजमार्ग एवं पालनपुर से अगोला राजमार्ग पर पालनपुर शहर के जो चौराहे हैं उन पर ऊपरी पुल बनाया जाना अति आवश्यक है जिससे दुर्घटना को रोका जा सके और यातायात को सुगम बनाया जा सके।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यों को जनहित में अतिशीघ्र किया जाये।